
दैनिक
प्रातः कालीन
# क्यूँ न लिखूँ सच
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
Title Code UPBIL 05086
वर्ष :- 01 अंक :- 248 मुरादाबाद 02 January 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## माता वैष्णो देवी भवन में भगदड़ मचने के कारणों को पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित



जम्मू- उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने माता वैष्णो देवी भवन में भगदड़ मचने के कारण हुई मौतों की जांच के लिए उच्च स्तरीय कमेटी गठित करने के आदेश जारी कर दिए हैं। जांच कमेटी की अध्यक्षता प्रिंसिपल सेक्रेटरी (गृह) करेंगे। इसके अलावा एडीजीपी जम्मू और डिवीजनल कमिश्नर जम्मू भी इसके सदस्य होंगे। यही नहीं उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने हादसे में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को 10 लाख रूपए जबकि घायलों को 2 लाख रूपये देने का एलान भी किया है। कटड़ा ब्लाक मेडिकल आफिसर डॉक्टर गोपाल दत्त ने अब तक भगदड़ में 12 लोगों की मौत की पुष्टि करते हुए बताया कि मरने वालों में अधिकतर श्रद्धालु दिल्ली, पंजाब, हरियाणा से है। मरने वालों में जम्मू का भी एक श्रद्धालु शामिल है। वहीं घायलों की संख्या भी 20 से अधिक है। घायलों का इलाज नारायणा अस्पताल कटड़ा में किया जा रहा है। यह घटड़ा आज शनिवार तड़के 2.30 बजे के करीब घटी। भगदड़ मचने के कारणों का अभी तक स्पष्ट रूप से पता नहीं चल पाया है परंतु सूत्रों का कहना है कि गेट नंबर 3 के बाहर दर्शनों के लिए श्रद्धालुओं की लंबी कतार लगी हुई थी। नववर्ष पर माता वैष्णो देवी के दर्शनों के लिए यहां हजारों की संख्या में श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। फिलहाल यात्रा को कटड़ा से रोक दिया गया है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा स्थिति पर पूरी नजर रखे हुए हैं। उन्होंने घटना की जानकारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व गृहमंत्री अमित शाह को भी दी। गृह मंत्री अमित शाह से बात करने के उपरांत उपराज्यपाल ने भगदड़ मचने के कारणों का पता लगाने के लिए उच्च स्तरीय जांच के आदेश दिए। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृहमंत्री अमित शाह, पीएमओ में राज्यमंत्री डॉ जितेंद्र सिंह भी लगातार इस मामले पर नजर रखे हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भगदड़ में जान गंवाने वाले प्रत्येक शख्स के परिवार को च्डछत्थ् की तरफ से 2 लाख रुपये और घायलों को 50,000 रुपये की अनुग्रह राशि देने का एलान किया। प्रधानमंत्री ने शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की और घायलों को हर संभव चिकित्सकीय मदद और सहायता प्रदान करने के निर्देश दिए।

## कोरोना के खिलाफ लड़ाई में पीएम मोदी की हुंकार, बोले- देश की रफ्तार को नहीं रोक सकती महामारी, पूरी ताकत से लड़ेंगे



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कोरोना महामारी के खिलाफ लड़ाई को पूरे दमखम के साथ लड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि देश पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ कोविड-19 महामारी से लड़ेगा और अपने राष्ट्रीय हितों को भी पूरा करेगा। पीएम-किसान के तहत वित्तीय लाभ की 10वीं किस्त जारी करने के मौके पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि साल 2022 में देश को अपनी गति में तेजी लानी होगी। वर्ष 2022 में हमें अपनी गति को और तेज करना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस साल हम अपनी आजादी के 75 वर्ष पूरे करेंगे। आज जब हम नव वर्ष में प्रवेश कर रहे हैं तब बीते साल के अपने प्रयासों से प्रेरणा लेकर हमें नए संकल्पों की तरफ बढ़ना है। ये समय देश के संकल्पों की एक नई जीवंत यात्रा शुरू करने का है। मौजूदा वक्त में देश के सामने कोरोना की चुनौतियां हैं लेकिन महामारी भारत की रफ्तार नहीं रोक सकता है। भारत पूरी सावधानी और सतर्कता के साथ कोरोना से भी लड़ेगा और अपने राष्ट्रीय हितों को भी पूरा करेगा। पीएम मोदी ने कहा कि कितने ही लोग देश के लिए अपना जीवन खपा रहे हैं। देश को बना रहे हैं। ये काम पहले भी करते थे लेकिन इन्हें पहचान देने का काम अभी हुआ है। हर भारतीय की शक्ति आज सामूहिक रूप में परिवर्तित होकर देश के विकास को नई गति और नई ऊर्जा दे रही है। आज हमारी अर्थव्यवस्था की विकास दर आठ फीसद से भी ज्यादा है। भारत में रिकार्ड विदेशी निवेश आया है। इतना ही नहीं हमारा विदेशी मुद्रा भंडार भी रिकार्ड स्तर पर पहुंचा है। ळैज कलेक्शन में पुराने रिकार्ड ध्वस्त हो गए हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10. 09 करोड़ किसानों को पीएम-किसान योजना के तहत 20,900 करोड़ रुपये की 10वीं किस्त जारी की। उन्होंने यह भी कहा कि पीएम किसान सम्मान निधि भारत के किसानों का बहुत बड़ा संबल बनी है। हमारी धरती को बंजर होने से बचाने का एक बड़ा तरीका है- केमिकल मुक्त खेती इसलिए बीते वर्ष में देश ने एक और दूरदर्शी प्रयास शुरू किया है। ये प्रयास है- प्राकृतिक खेती का... फसलों के अवशेष हों, पराली हो, ऐसी हर चीज से भी किसानों को पैसे मिलें इसके लिए भी प्रयास शुरू किए गए हैं।

## BJP की रैलियों को लेकर बोलीं मायावती, पानी की तरह बहाया जा रहा जनता का पैसा



बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की अध्यक्ष मायावती ने केन्द्र और उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सरकार पर चुनाव से ठीक पहले सरकारी खर्च से भारी भरकम रैलियां आयोजित कर जनता का पैसे बर्बाद करने का आरोप लगाया है। मायावती ने शनिवार को जारी बयान में देशवासियों को नए साल की बधाई देते हुये कहा कि केन्द्र और राज्यों की सत्ता पर काबिज भाजपा और कांग्रेस की यह फितरत है कि चुनाव की घोषित होने से दो ढाई महीने पहले ये दल ताबड़तोड़ हवाई घोषणाएं और शिलान्यास की आड़ में अपनी चुनावी जनसभायें करते हैं। उन्होंने कहा कि इन रैलियों में इन पार्टियों का नहीं बल्कि जनता का सरकारी पैसा पानी की तरह बेदर्दी से बहाया जाता है। बसपा प्रमुख ने इसे सरकारी कोष दुरुपयोग बताते हुये कहा कि इन रैलियों में अधिकांश भीड़ सरकारी कर्मचारियों और टिकटार्थियों की होती है। शेष खबर पेज न. 8 पर ------------

## अखिलेश का बड़ा ऐलान:2022 में सरकार बनने पर देंगे 300 यूनिट फ्री बिजली



सपा मुख्यालय पर राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नववर्ष पर पार्टी कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। इस दौरान अखिलेश यादव ने सभी को नए साल की बधाई दी। इस दौरान अखिलेश यादव ने सरकार बनने पर घरेलू उपभोक्ताओं को 300 यूनिट फ्री देने का ऐलान किया। इसके साथ ही सिंचाई पूरी फ्री होगी। यह सब घोषणा पत्र में शामिल होगा। अखिलेश ने बीजेपी पर जमकर हमला किया। उन्होंने कहा कि भाजपा ने 2021 को खराब साल बना दिया। बीजेपी जब पिछड़ने लगी तो अब छापे डलवा रही है। उन्होंने कहा कि जिस पर पहले छापा पड़ा था और रकम निकलने लगी तो उसे सपा का बताया गया। इन्हें छापा तो सपा के लोगो पर मारना था लेकिन खुद अपने लोगो पर छापा मार दिया। वह उन्हीं का आदमी निकला। भाजपा खीज निकालने के लिये अब सपा व्यापारी के यहां छापा मारा।

### शिवपाल भी कर चुके हैं फ्री बिजली का ऐलान

इससे पहले सामाजिक परिवर्तन रथयात्रा लेकर निकले प्रगतिशील समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल यादव ने भी सहसों के भोपतपुर स्थित बाग में आयोजित जनसभा में ऐलान किया था कि हमारी सरकार बनने हर परिवार से एक व्यक्ति को नौकरी और 300 यूनिट फ्री में बिजली और उच्च शिक्षा प्राप्त बेरोजगारों को स्वरोजगार के लिए पांच लाख रूपये का पैकेज दिया जाएगा।

# डीएम, एसएसपी ने संपूर्ण समाधान दिवस में सुनी जन शिकायतें



दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- जिलाधिकारी दीपा रंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ0 ओ0पी0 सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, पीडी डीआरडीए अनिल कुमार व अन्य अधिकारियों के साथ तहसील सदर में शनिवार को आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस में फरियादियों की शिकायतों को सुनकर अधिकारियों को गुणवत्तापूर्वक एवं समयवद्ध निस्तारण करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने समस्त संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि शिकायतों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। शिकायतों के निस्तारण में किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। उन्होंने फरियादियों की फरियाद एक-एक कर सुनी और उनके निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जनसमस्याओं का निस्तारण शासन की प्राथमिकताओं में है सभी अधिकारी रूचि लेकर गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित करें। शिकायतों के निस्तारण में पारदर्शिता, गुणवत्ता एवं समयबद्धता का विशेष ध्यान रखा जाए। शिकायतों की वास्तविकता परखने के लिए डीएम, एसएसपी ने टीमें बनाकर भी क्षेत्रों में भेजी हैं, टीम रिपोर्ट उपलब्ध कराएंगी। सम्पूर्ण समाधान दिवस में 50 शिकायतें प्राप्त हुई, जिसमें से 03 शिकायतों का मौके पर निस्तारण किया गया। इस अवसर पर समस्त जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# जिले में 01 जनवरी से 27 फरवरी तक धारा 144 लागू

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ- जिले में 01 जनवरी से 27 फरवरी तक धारा 144 लागू की गई है। अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन ऋतु पुनिया ने आदेश जारी किए है कि माह जनवरी, फरवरी 2022 में नववर्ष, गुरू गोविन्द सिंह जयन्ती, गणतंत्र दिवस समारोह, मकर संक्रान्ति, पौष पूर्णिमा, बसंत पंचमी, संत रविदास जयन्ती, मौनी अमावस्या, मो0 हजरत अली जन्म दिवस, माघी पूर्णिमा आदि के पर्व मनाए जाने हैं, विभिन्न परीक्षाएं सम्भावित हैं तथा वर्तमान में वर्तमान में तीसरी लहर (ओमीक्रोन) कोरोना वायरस का संकमण विश्व के अधिकांश देशों के साथ समस्त भारत वर्ष में भी फैला हुआ है। जो सोशल डिस्टेसिंग एवं गैर फार्मास्युटिकल संक्रमण निवारण एवं नियन्त्रण इन्टरवेंसन है, जो संक्रमित लोगों गैर संक्रमित लोगों के मध्य सम्पर्क को कम करके समाज में बीमारी के प्रसार को रोकने/कम करने में सहायक है। (ओमीक्रोन) कोरोना संक्रमण का स्वरूप बदल रहा है तथा प्रभावी ढंग से स्ट्रेन को लेकर सतर्कता बरतने की आवश्यकता है। इस उपाय को अपना कर किसी बीमारी की वृद्वि की दर एवं इससे होने बाली मृत्यु दर को कम किया जा सकता है, कतिपय अराजक समाज विरोधी, शरारती, साम्प्रदायिक एवं अपराधिक प्रवृत्ति के तत्व समाज में साम्प्रदायिक जातिगत, वर्गगत विद्वेष तथा अफवाहें फैलाकर सामाजिक समरस्ता, सद्भाव व कानून एवं शान्ति व्यवस्था बिगाड़ने का सुनियोजित प्रयास कर सकते हैं तथा सार्वजनिक भवनों, पूजा स्थलों का दुरूपयोग, सार्वजनिक मार्गो को अवरूद्व करने एवं जनसामान्य को आतंकित कर विद्वेष फैलाने का कुप्रयास भी कर सकते हैं।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# पंजाबी महासभा ने शील चौराहा पुलिस चौकी का किया जीर्णोद्वार, सीओ ने काटा फीता



बरेली- पंजाबी महासभा द्वारा नव वर्ष के पावन उत्सव पर शनिवार को आवास विकास राजेंद्रनगर शील चौराहा पुलिस चौकी का जीर्णोद्वार का उद्घाटन कराया। महासभा ने पांच लाख की लागत लगाकर यह कार्य किया। मुख्य अतिथि सीओ (फर्स्ट) श्वेता यादव एवं थाना प्रभारी जसवीर सिंह प्रेमनगर द्वारा उद्घाटन किया। पंजाबी महासभा के आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए संजय आनंद ने कहा, पंजाबी महासभा समय समय पर सेवा के कार्य करती आ रही है। अब तक लगभग 4रू30 करोड़ रूपए के कार्य पंजाबी महासभा ने किए हैं। नये साल पर शनिवार को नया कार्य जो हुआ वह पुलिस चौकी का निर्माण कराया।पुलिस कर्म बरसात, धूप, सर्दी में सड़क पर बैठकर जनता की सेवा करते थे। उनके लिए यह सेवा प्रदान की गई। भविष्य में भी कार्य करने की प्रेरणा लेते हुए एक दूसरा स्वर्ग धाम वाहन लाने की घोषणा की। जो जल्दी ही समाज को समर्पित किया जाएगा। जिसकी लागत लगभग 14 लाख की होगी। कार्यक्रम में गुलशन आनंद, पार्षद अतुल कपूर और कुक्की अरोरा पार्षद, शशि सक्सेना, शोभित सक्सेना, विशाल मल्होत्रा, देवराज चंडोक, प्रिंस सोडी, अमित अरोरा, एमएल दुआ, संजीव गुलाटी, संजीव आनंद, कमल अरोरा, जगदीप अरोरा, तिलक राज दुसेजा, राजीव खुराना, चेतन आनंद, हरीश अरोड़ा रहे। ज्ञानी काला सिंह ने अरदास पढ़कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

# यूपी मिशन 2022: शाह ने मंत्रियों को दिया चुनावी मंत्र, कहा- जीती सीट पर तो जीत चाहिए ही, हारी सीटों को भी कब्जाओ



बरेली- केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने ब्रज और पश्चिम क्षेत्र के चुनावी मैनेजमेंट को लेकर केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों के साथ सर्किट हाऊस में लंबी बैठक की। अमित शाह ने भाजपा पदाधिकारियों से कहा कि इस बार 300 से ज्यादा विधानसभा सीटें लानी हैं। उन्होंने जीती सीटों पर इस बार ज्यादा अंदर से जीत हासिल करने और हारी सीटों को हर हाल में कब्जाने के मिशन में जुटने को कहा। प्रचंड जीत के लिए अपने अपने क्षेत्र में विधानसभा चुनाव में डटने और इस मिशन में किसी प्रकार की समस्या को बताने के लिए भी कहा। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने जनसभा को भले ही सात मिनट संबोधित किया हो लेकिन सर्किट हाउस में भाजपा ब्रज क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र के पदाधिकारियों के साथ उन्होंने लंबी बैठक की। केंद्र और राज्य के बरेली से लेकर मेरठ तक के तमाम मंत्री बैठक में मौजूद थे। अमित शाह ने सभी से उनके विधानसभा क्षेत्रों के बारे में जानकारी ली। पार्टी की चुनावी गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में शामिल पार्टी पदाधिकारियों ने बताया कि शाह पार्टी पदाधिकारियों से कहा कि विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत के लिए जी-जान से जुट जाएं। जिन सीटों पर पिछली बार जीत दर्ज की थी। उन सीटों को तो हर हाल में जीतना है। इसके अलावा जिन विधानसभा सीटों पर कम अंतर से चुनाव हारे थे। उन सीटों को भी इस बार कब्जाना है। इसके लिए शाह ने केंद्र और राज्य सरकार के मंत्रियों से अपने-अपने क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं के साथ जी-जान से जुटने और कार्यालय छोड़कर फील्ड में जाने के जाने के लिए कहा।

www.knlslive.com

# निर्वाचन की तैयारियों की बैठक कल

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

बदायूँ - 01 जनवरी। सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी केके सक्सेना ने अवगत कराया कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण एवं आगामी विधानसभा सामान्य निर्वाचन -2022 की तैयारियों के सम्बन्ध में विचार-विमर्श हेतु दिनांक 03-01-2022 सोमवार को पूर्वान्ह 11 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक जिला निर्वाचन अधिकारी दीपा रंजन की अध्यक्षता में समस्त सांसदगण, विधायकगण, जनपद जिलाध्यक्ष, सचिव, मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ आयोजित की जाएगी। अर्हता दिनांक 01-01-2022 के आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2022 की कार्यवाही के अन्तर्गत दावे/आपत्तियों के निस्तारण की कार्यवाही पूर्ण होने के उपरान्त निर्वाचक नामवलियों के मुद्रण की कार्यवाही की जा रही है तथा 05-01-2022 को अन्तिम प्रकाशन किया जाना है इसके साथ ही विधानसभा सामान्य निर्वाचन-2022 की तैयारियां भी तीव्र गति से चल रही हैं।

www.knlslive.com

# चुनावी रैलियों में भाजपा के भड़काऊ भाषण के खिलाफ गरजे सपाई



मुरादाबाद-चुनावी रैलियों में भड़काऊ भाषण व बयानबाजी को लेकर सपाइयों ने आपत्ति जताते हुए शनिवार को कलेक्ट्रेट पर विरोध प्रदर्शन किया। पदाधिकारियों ने कहा कि भाजपा के शीर्ष नेताओं ने चुनावी रैलियों में चुनाव आयोग के निर्देशों की अवहेलना की है। उन्होंने चुनाव आयुक्त से मामले को संज्ञान में लेकर कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। समाजवादी पार्टी महानगर इकाई के पदाधिकारी महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाय कि भाजपा के बड़े नेताओं ने रैली में धार्मिक आधार पर समाज को बांटने का संदेश देते हुए लोगों से वोट की अपील की है। पदाधिकारियों ने एडीएम सिटी आलोक प्रसाद वर्मा के माध्यम से मुख्य चुनाव आयुक्त को तीन सूत्रीय ज्ञापन भेजा। वहीं रैली के दौरान पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के खिलाफ भ्रामक और झूठे प्रचार कर निजी हमले किए। इतना ही नहीं सांसद और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव आजम खान और उनके पुत्र का मामला कोर्ट में लंबित होने के बावजूद भाजपा नेताओं ने उनके परिवार के सदस्यों पर व्यक्तिगत लांछन लगाकर जनता को बरगलाने का काम किया, इस पर तत्काल प्रभाव से रोक लगनी चाहिए। ज्ञापन सौंपे जाने के दौरान महानगर अध्यक्ष शाने अली शानू, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विजयवीर सिंह यादव, महानगर प्रवक्ता तुंगीश यादव, विधानसभा अध्यक्ष नाजिर खान,डॉ. इमरान नवाज, मौ. अफनान, फहीम एडवोकेट, मास्टर रहीस सैफी, रहीस अहमद वारसी, करीम खान, अब्दुल गनी, तौकीर अहमद, अजहरूद्दीन, यूसुफ खलीफा, मौ. नूह उर्फ शेरू, जिगरी मलिक, मौ. रेहान, मौ. ताहिर, मैथ्यूज आर. मैसी, फरीद मलिक एडवोकेट, नाजिम वारसी, चांद मियां, मोहम्मद अजीम, याकूब मलिक,वाहिद सैफी, दिलशाद आदि उपस्थित रहे।

# विचार संगोष्ठी और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की

मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

ए एस पब्लिक इण्टर कालेज हाशमपुर चौराहा पाकबड़ा में प्रकृति सेवा समिति और पर्यावरण सचेतक समिति के तत्वावधान में प्रकृति का हरित कवच बढाओ अभियान के तहत सुबह 8रू30 बजे प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्द्धन में विद्यार्थियों की भूमिका विषय पर विचार संगोष्ठी और पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित की गई।'पोस्टर प्रतियोगिता में मन्तशा प्रथम , फराना द्वितीय , अदीबा तृतीय रहीं। भाषण प्रतियोगिता में आदिल प्रथम , अलीशा द्वितीय , इल्मापाशा तृतीय रहे। निर्णायक मंडल में युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप और शिक्षिका लवी सक्सेना रहे। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागियों को युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप , कृष्ण कुमार थाना प्रभारी पाकबड़ा , अख्तर सैफी प्रबन्धक , प्रधानाचार्य मानू कुमार ने प्रशस्ति पत्र और शील्ड देकर सम्मानित



किया गया। इस अवसर पर प्रकृति सेवा समिति के संस्थापक महासचिव और पर्यावरण सचेतक समिति के मण्डल महासचिव पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल ने कहा कि प्रकृति ही सर्वे सर्वा है प्रकृति में ही हमारी समस्त समस्याओं का समाधान निहित है अतः प्रकृति पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के लिए हम सभी को सहभागी बनना होगा और हर अवसर पर पौधे लगाने और बचाने का प्रयास जरूरी है क्योंकि हरे पेड़ पौधे प्रकृति में ऑक्सीजन की प्राकृतिक फैक्ट्री है। इस अवसर पर प्रधबंक अख्तर सैफी , प्रधानाचार्य मानू कुमार , कृष्ण कुमार थाना प्रभारी पाकबड़ा , प्रकृति सेवा समिति और पर्यावरण सचेतक समिति के पर्यावरण सचेतक नैपालसिंह पाल , युवा पर्यावरण चिंतक शुभम कश्यप ,ए एस पब्लिक इण्टर कालेज की शिक्षिका लवी शर्मा , नेहा , प्रीति , निशा , शाइस्ता , ममता , मुस्कान , अजमाईन , मन्तशा , अंशु व शिक्षक ओमवीर सिंह , मनोज कुमार आदि उपस्थित रहे।

# नए साल पर अस्पताल में लिखा तंबाकू छोड़ने का रेजोल्यूशन


मुरादाबाद-सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पादों के नशे की लत से आदी लोगों ने नए साल के पहले दिन इससे छुटकारा पाने का संकल्प लिया। तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला अस्पताल में संचालित तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ की तरफ से तंबाकू की लत से मुक्ति प्राप्त करने के इच्छुक लोगों की इच्छाशक्ति और अधिक मजबूत बनाने के मकसद से नए साल पर अनूठी पहल की गई। उनके लिए जिला अस्पताल परिसर में फ्लैक्सी बोर्ड लगाया गया। जिले में एंटी टोबेको फोर्स के सदस्य एवं तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ के प्रभारी डॉ. प्रशांत राजपूत ने बताया कि बड़ी संख्या में लोगों ने बोर्ड पर तंबाकू छोड़ने का संकल्प लिखा और हस्ताक्षर किए। काउंसलर रीमा यादव, पंकज समेत प्रकोष्ठ पर कार्यरत सभी कर्मियों ने नए साल में तंबाकू की लत छुड़ाने का संकल्प लेकर पहुंचे सभी लोगों का उत्साह व मनोबल बढ़ाया।

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# सर्दियों में जरूरतमंद लोगों के घरो में जा कर कंबल दिए



मौ.युसूफ
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

मुरादाबाद- मोहम्मद नसीम (एमडी खान सुल्तानी शाह) और मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने सर्दियों में जरूरतमंद लोगों के घरो में जा कर कंबल दिए और साथ में 15 दिन का खाने पीने का राशन दिया मोहम्मद नसीम और मोहम्मद यूसुफ खान मिंटो ने कहा किसी भी तरह से लोग परेशान ना रहे ! मोहम्मद युसूफ खान मिंटो ने कहा हर साल सर्दी बहुत ज्यादा पढ़ा ती बहुत लोगो के पास सर्दी के लिए कुछ नहीं होता है हम ने सर्दियों में कंबल देने काम किया है

इस समाचार पत्र में सभी जन अबैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा-संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001;उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म. नं. 210 खा सीतापुरी,डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद ;उत्तर प्रदेश से प्रकाशित एवं वितरित किया।

संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# This year of good



Welcome to the much awaited new year today. Yes, there are some years that seem to pass quickly, 2021 was one such cumbersome year. Today the sight of the sun in dust, fog and clouds will be rare in many places, in many places the sun may not have bloomed, but the light that spreads after the dark night is the proof of the existence of the sun. How much of our failure is hidden in this dust, fog and cloud,This should be the first topic of our discussion this year. In this critical time of climate concern, we have to repay the debt of nature well. Do we ever think about the free love and life that we get from air, water, sky? Have we only learned to take away from nature, what do we give to nature? The year has come to repay the debt we owe to nature.We have to decide whether we are part of the problem or a means to the solution. We have to work for a permanent solution to the shortage of oxygen we faced last year. Remembering the way chronic diseases have given pain in the last year, we have to take even the smallest disease seriously.This should be a year to understand the nature and nature of human beings. Before anyone else can take decisions about us, we have to make our own decisions for our own good. What is better for oneself and is not making oneself a cause of pain and suffering for others? In today's time, more suffering than lack of resources is being met by lack of behavior. The way we behaved in times of calamity,We should climb the ladder of improvement in the new year by thinking about how we were helpful to someone in the time of calamity. In the new year, people and the country should not do any evil, but should imitate any good, then only we will be able to put forward an ideal on the scale of humanity. At the time of disaster and vaccination we have seen, rich countries leaving poor countries and rich people leaving their needy friends and relatives on their own and moving towards a different loneliness.Hopefully, this shortcoming will be noticed by more and more people.

There is great hope that India's all-round challenges get answers in the New Year. Neighbors understood, returned to the borders civility and decency. All the big multinational companies should not consider Indians only as consumers, they should also fulfill their social responsibilities.If there is no business of law, but the service of justice, then the liberal form of governance and administration should come to the fore. With the success of the farmers' movement last year, the message has been sent that if the solidarity and hearing of the movement is ensured, then the downtrodden, downtrodden, downtrodden people, sections should speak in solidarity. We have entered the new year with the increased enthusiasm of the needy people, as the governments have also tried their level best to provide relief.In the new year also, it has to be ensured that no poor has to face the lack of food and money. This should be the year of better social schemes and their implementation. It should be a year of better business and employment.

## Sukesh Chandrashekhar claims relationship with Jacqueline Fernandez, says- 'Not a thug, I am a lobbyist'





New revelations are coming every day regarding Sukesh Chandrashekhar, accused in the Rs 200 crore fraud case. His relationship with Jacqueline Fernandez shocked everyone. Sukesh gave many expensive gifts to Jacqueline. Apart from him, gifts were also given to Nora Fatehi. Now a statement has been issued on behalf of Sukesh saying that it is not right to call him a thug.He has also accused the jail officer of pressurizing him. Sukesh's lawyer Anant Malik has issued a press note in which Sukesh has said these things.Raised questions on the jail officer - Sukesh said that why the jail officials who took money from him were not investigated. According to news agency ANI, Sukesh asked why Aditi Singh, wife of former Ranbaxy promoter, was not investigated if she had said extortion of Rs 200 crore. Claimed relationship with Jacqueline-Sukesh has claimed relationship with Jacqueline Fernandez. He says that he has a personal relationship with Jacqueline and it has nothing to do with criminal matters. Sukesh believes that it is wrong to call him a thug, he is a lobbyist. He has worked as a lobbyist for many corporate houses in the country and abroad. Chandrashekhar said, he has good relations with leaders of many political parties.Expensive gifts were given to the actress - Earlier, the Enforcement Directorate (ED) had made many sensational revelations in its investigation. Sukesh's relationship was not only with Jacqueline Fernandez and Nora Fatehi but with many other Bollywood actors. Sukesh used to send them expensive gifts. Sukesh gave expensive gifts to Jacqueline. This includes everything from BMW cars to diamond jewellery. Sukesh had contacted Jacqueline through call spoof. He told Jacqueline that he was from Jayalalithaa's political party and owned Sun TV.

## Sanjay Dutt's wife Manyata Dutt congratulated fans by sharing a bold video, the user said- 'You are very gorgeous...'

Famous actor Sanjay Dutt is not interested in recognition today for his strong acting in the Bollywood film industry. Sanjay always remains in the discussion for one reason or the other. In his acting career, Sanjay Dutt has given many superhit films.Like Sanjay, his wife and actress Manyata Dutt also always remains in the headlines. Manyata Dutt may have distanced herself from acting now but she remains very active on social media.She often surprises fans by posting her glamorous and sizzling pictures and videos. Meanwhile, now Manyata has said goodbye to the year 2021 in a special way and welcomed the new year.Manyata Dutta has posted a video on her official Instagram. In this video, Manyata has shared all her feelings of the year 2021. You will also get to see the bold look of Manyata at many places in the video. In the video you can see that it has been made by mixing many of his pictures.At the same time, a special message has been written on every picture of him. He told that this year has given him a lot. This year she cried, laughed, lost. Sharing this video, Manyata wrote in the caption, 'Thank you...2021 Looking forward to a wonderful 2022!! #love #grace #positivity. Fans are very fond of this video. At the same time, fans are constantly giving their feedback by commenting on it.Talking about Sanjay Dutt's workfront, his two big films 'KGF Chapter 2' and 'Shamshera' can be released this year. In the film 'KGF Chapter 2', he is playing the role of the main villain Adheera, in the film South's superstar Yash and Bollywood actress Raveena Tandon are playing lead roles.People are eagerly waiting for this film. Apart from this, Sanjay Dutt will be seen in the film 'Shamshera' with Ranbir Kapoor, Vaani Kapoor. Karan Malhotra is directing this film.



## स्वास्थ्यकर्मियों ने टीबी को खत्म करने की ली शपथ





शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ – जिला अधिकारी के निर्देश पर राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के तहत टीबी को वर्ष 2025 से पहले समाप्त करने के लिए बन्नादेवी अर्बन पीएचसी पर चिकित्सा अधीक्षक डा0 हेरा शीराज़ एवं वरिष्ठ उपचार पर्यवेक्षक जितेंद्र कुमार द्वारा स्वास्थ्यकर्मियों को शपथ दिलाई गयी। आयोजित कार्यक्रम में लोगों को बताया गया कि यदि दो सप्ताह या उससे अधिक की खांसी या बुखार हो तो टीबी हो सकती है। शरीर में किसी भी प्रकार की गांठ होने पर जाँच अवश्य करायें। टीबी की सभी जांच और उपचार की सुविधा स्वास्थ्य केंद्रों पर निरूशुल्क उपलब्ध है। उपचार ले रहे सभी टीबी रोगियों को योजना के तहत 500 रूपये प्रतिमाह खाते में भेजे जाते हैं। इस अवसर पर अभिषेक वार्ष्णेय, दीपिका चौहान, सरला नेमवीर, ओमवती शर्मा आदि मौजूद थे।

WWW.KNLSIVE.COM

## डीएम अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन



शुभम शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

अलीगढ़ – तहसील गभाना के सभागार में डीएम सेल्वा कुमारी जे. की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस आयोजित हुआ। इस दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी सीडीओ अंकित खण्डेलवाल मुख्य रूप से मौजूद रहे। सम्पूर्ण समाधान दिवस में कुल 45 शिकायती प्रार्थना पत्र पंजीकृत किये। जिसमें 9 शिकायतों का मौके पर निस्तारण हुआ।

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

## एक दर्जन अवैध तमंचों सहित शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़



निशाकांत शर्मा

दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा .जिले का कुटीर उद्योग कहे जाने अवैध असलहा कारोबार पर एटा पुलिस की बड़ी कार्यवाही, थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा आगामी चुनावों में खपाने को बनाए जा रहे एक दर्जन अवैध तमंचों सहित शस्त्र फैक्ट्री का भंडाफोड़, एक पेशेवर शातिर असलहा तस्कर 11 तमंचे बने 01 तमंचा अधबना, 6 खोखा कारतूस एवं भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरणों सहित गिरफ्तार थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर दीनबंधु कॉलेज के सामने ख़ारिजा भट्टा के पास बनी कोठरी में अवैध शस्त्र फैक्ट्री चलाते हुए एक अभियुक्त को समय करीब 21.30 बजे गिरफ्तार किया गया है। मौके से 11 तमंचे 315 बोर बने, 01 तमंचा अधबना, 3 खोखा कारतूस 315 बोर, 3 खोखा कारतूस 12 बोर तथा भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के उपकरण बरामद किये गये हैं। पूछताछ में गिरफ्तार अभियुक्त द्वारा बताया गया कि आगामी चुनावों में तमंचों की मॉग बढ़ने और मनमाफिक रूपये मिलने के चलते वह अवैध शस्त्रों को बनाने का कार्य कर रहा था। इस सम्बन्ध में गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध थाना कोतवाली देहात पर मुअसं– 01/2022 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर थानास्तर से आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जा रही है। महत्वपूर्ण तथ्य– अभियुक्त शातिर किस्म का पेशेवर अपराधी हैं, जो पूर्व में भी शस्त्र फैक्ट्री के कई मामलों में जेल जा चुका है। अभियुक्त जनपद अलीगढ़ के थाना गांधी पार्क क्षेत्र में एक अवैध शस्त्र फैक्टरी के मामले में फरार चल रहा है जिसमें इसके 06 साथियों की गिरफ्तारी हुई थी। इस सम्बन्ध में थाना गॉधी पार्क जनपद अलीगढ़ पर मुअसं– 207/2020 धारा 3/5/7/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत है। चुनावों में अवैध शस्त्रों की मांग बढ़ने और अच्छी कीमत पर उनकी बिक्री के चलते अभियुक्त द्वारा अवैध शस्त्रों का निर्माण किया जा रहा था। अभियुक्त पुराने–खराब तमंचे सही करने का कार्य भी करता है। अभियुक्त तमंचे बनाकर एटा तथा आसपास के जनपदों में भी बेचता है और तमंचे बेचकर ही अपने परिवार का पालन पोषण करता है। गिरफ्तार अभियुक्त का नामपता– देवेंद्र शर्मा पुत्र ओमप्रकाश शर्मा निवासी अंबरपुर थाना जलेसर एटा अभियुक्त देवेंद्र का आपराधिक इतिहास –मुअसं– 201/18 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना जलेसर एटा मुअसं– 223/2018 धारा 147, 323, 324, 452, 504, 506 भादवि थाना जलेसर एटा मुअसं– 247/18 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना जलेसर एटा मुअसं– 207/2020 धारा 3/5/7/25 आर्म्स एक्ट थाना गांधी पार्क जिला अलीगंढ मुअसं– 001/2022 धारा 5/25 आर्म्स एक्ट थाना कोतवाली देहात एटा बरामद माल का विवरणः– 10 अवैध तमंचे सभी चालू हालत में 315 बोर 01 पोनिया 315 बोर 01 तमंचा अधबना 315 बोर 03 खोखा कारतूस 315 बोर 03 खोखा कारतूस 12 बोर भारी मात्रा में शस्त्र बनाने के अन्य उपकरण गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमरू– श्री जगदीशचन्द्र (प्रभारी निरीक्षक) उ0नि0 श्री सत्यपाल सिंह (चौकी प्रभारी मरथरा) वरि0उ0नि0 श्री देवीचरन सिंह उ0नि0 विपिन कुमार भाटी (चौकी प्रभारी लिप्टन) है0का0 लोकेन्द्र सिंह 6.का0 अरविन्द कुमार

## अभी और खतरनाक दौर आएगा कारागार एटा में

निशाकांत शर्मा


दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

एटा दृ हम कोरोना के इस दौर से पिछले दो साल से गुजर रहें है इसी वायरस नें हम सबको एक होकर व एक–दूसरे की मदद करना भी सिखाया हैं तो वही शासन प्रशासन की पेशानी भी बढ़ा दी थी। जब भारत के हर शहर–कस्बे में बवअपक के मरीज मिल रहें थे तब एक स्थान ऐसा भी था जहाँ बड़े ही सजग होकर पूरी व्यवस्था को संभाला गया था। इस व्यवस्था में सुप्रीम कोर्ट नें भी अपने आदेशों से सहयोग दिया था। लेकिन दौर फिर बापिस आ रहा है कारागारो में बंदियों की क्षमता से अधिक बंदी बंद हैं यह बात पूरे शासन से लेकर प्रशासन को भलीभांति पता है लेकिन कारागार के प्रति एक आम जनमानस में धारणा हैं कि बंदी मनुष्य नहीं हैं अपराधी नाम का जानवर हैं। इसी आम जन मानस की धारणा को ख़त्म करने के लिए 2002.में सुप्रीम कोर्ट नें कारागार को सुधार गृह उप नाम दिया था लेकिन पुलिस बिभाग नें अपनी धारणा में कही भी कमी नहीं कीइ जिसका उदाहरण यह है कि कारागार एटा में अभी हाल की छोटे–मोटे अपराधों की धरपकड़ में इतनी तेजी लाई गई हैं कि कारागार एटा की हालत खस्ता हाल हों गई हैं। अब यह पूरे प्रशासन को चिंतन करना होगा की क्या लोगो को मरने के लिए जेलों में ठूसा जाये या फिर स्थानीय थानो से निजी मुचलको पर रिहाई का रास्ता निकाल लिया जाये। जब कि स्थानीय जेल कि लगभग क्षमता 650 के करीव है जबकि अभी जेल में 1320 बंदी बंद हैं.अब सोचना यह है कि हम कारागार एटा को किस मुहाने पर ले जाना चाहते है सोचना ही होगा यह स्थिति क्यूँ आई– हमारे द्वारा दस दिन पूर्व एक लेख के माध्यम से सचेत किया गया था कि कोरोना का बम्ब जेल में नामक लेख के माध्यम से आभास कराया गया था कि प्रशासन को सोचना होगा कि कारागार में निरुद्ध बंदियों की जिंदगी को कैसे बचाया जाये। चुंकि अभी एक माह से बार एसोसिएशन एटा की हड़ताल बरकरार हैं जिससे अधिवक्ताओ नें न्यायालयों में काम करना बंद कर दिया है। स्थिति स्पष्ट हैं कि प्रशासन को अपनी व्यवस्थाओ पर ध्यान देना होगा कि कही कोरोना के बमं से मौतो का जखीरा ना पैदा हों जाये। और अगर ऐसा हुआ तो फिर जो अफसर चुनाव कराने तक जिलों में रुकने की सोच बैठे हैं। जाना तय हो सकता है सभी जानते हैं कि एटा की जनता भलीभांति जानती समझती हैं कि प्रशासन के लिए अभी की स्थिति खेत की मैड पर पूरी रफ़्तार से दौड़ने के समान हैं। जो बेहतर काम करेगा वो रुकेगा लेकिन बेहतर कामो के चक्कर में जेलो में सड़ान पैदा ना हों इस लिए सोचना होगा!! एक बेहतर सुरक्षा समाज की नींव हैं. लेकिन जीवन महत्वपूर्ण हैं।

अन्य खबरों के लिए देखे

WWW.KNLSIVE.COM

## आधी रात घर में घुसे दो बदमाशों ने महिला को मारी गोली, नाकेबंदी के बाद भी आरोपी पुलिस पकड़ से बाहर



छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में नए साल की शुरूआत से पहले अपराध एक बड़ी घटना हुई है। दीपका क्षेत्र में एक महिला के चेहरे पर बदमाशों ने गोली मार दी और फरार हो गए। खून से लथपथ महिला का कोरबा के अस्पताल भर्ती कराया गया। महिला की गंभीर स्थिति को देखते हुए रायपुर के रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल में सुबह 4रू00 बजे रेफर किया गया है। घटना की सूचना के बाद पुलिस ने बदमाशों को घेरने शहर के चारों ओर नाकेबंदी की, लेकिन अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शुक्रवार रात करीब 11रू30 बजे दीपका क्षेत्र के झाबर निवासी सरोजनी बाई (25) के घर दो बदमाश घुसे। महिला का पति किसी काम से घर से बाहर गया था। महिला के माता-पिता दूसरे कमरे में थे। रात को दो युवक घर पर आए। एक युवक ने गोली मारी, जिसके बाद दोनों फरार हो गए। गोली की आवाज सुनकर घर में मौजूद माता-पिता महिला की तरफ दौड़े। गोली महिला के आंख और कान के बीच लगी है। शोर सुनकर आसपास के लोग भी मौके पर पहुंचे। पुलिस को सूचना देने के साथ महिला को कोसा बाड़ी स्थित हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। गोलीकांड की सूचना मिलते ही टीआई अविनाश सिंह पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शहर में तत्काल नाकेबंदी कराई। घटना की जानकारी होने पर एएसपी अभिषेक वर्मा भी रात को अस्पताल पहुंचे और वस्तुस्थिति की जानकारी ली। वारदात के पीछे की वजह अभी सामने नहीं आई है। महिला की गंभीर स्थिति को देखते कोरबा से सुबह चार बजे रायपुर रेफर किया गया है। पुलिस ने महिला के पति से किसी से रंजिश आदि को लेकर पूछताछ की है। पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया है।

## कन्नौज में मलिक मियां की फर्म से मिले ढाई करोड़, पंपी जैन के यहां से खाली हाथ लौटी IT टीम



इत्र कारोबार से जुड़ी दो फर्म पर छापे के दौरान इनकम टैक्स टीम की पड़ताल दूसरे दिन भी जारी रही। मलिक मियां की फर्म से मिले ढाई करोड़ स्टेट बैंक में जमा करवाए गए। सपा एमएलसी पुष्पराज जैन पंपी के यहां कन्नौज में फिलहाल कोई रकम नहीं मिली। इत्र कारोबारी पीयूष जैन के ठिकानों से बरामद बड़ी रकम और सोने की खेप हाथ लगने के बाद इनकम टैक्स की टीम ने इत्र कारोबार से जुड़ी कन्नौज की दो अन्य फर्मों को अपने निशाने पर लिया है। शुक्रवार की सुबह से ही यहां टीमें डटी हैं। पहले दिन तो कोई रिकवरी सामने नहीं आई थी, लेकिन शनिवार को इत्र कारोबारी मलिक मियां की फर्म एस मोहम्मद अय्यूब एंड मोहम्मद याकूब परफ्यूमर्स के यहां से रकम मिली। शनिवार सुबह नोट गिनने के लिए बैंककर्मियों को नोट गिनने की मशीन के साथ बुलाया गया। दोपहर करीब तीन बजे एक सूटकेस में नोट भरकर इनकम टैक्स की टीम ने शहर के सरायमीरा स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया की ब्रांच में जमा करवा दिए। करेंसी जमा करवाने के दौरान फर्म के प्रोपराइटर फौजान मलिक भी साथ रहे।

### 200 अफसरों-कर्मचारियों ने डाला डेरा

इत्र कारोबारियों के यहां जांच के लिए अलग-अलग जोन से इनकम टैक्स अफसरों और उनकी टीम के आने का तांता शुक्रवार शाम तक लगा रहा। कुछ टीमों ने छापेमारी सुबह शुरू कर दी थी, लेकिन देर तक और टीमें पहुंचती रहीं। शुक्रवार की देर रात भी प्रयागराज से अफसरों की टीम अलग-अलग गाड़ियों में सवार होकर यहां पहुंची। लगातार आ रही टीमों और उनकी बढ़ती हुई संख्या को देखकर लोग छापे में बड़ी रकम बरामदगी की चर्चा करते रहे। टीम से जुड़े लोगों ने बताया कि 24 घंटे में अलग-अलग जोन से करीब 200 लोग इस अभियान में शामिल हुए हैं।

### मलिक मियां की फर्म पर रहा फोकस

इनकम टैक्स टीमों ने एक साथ सपा एमएलसी पुष्पराज जैन पंपी के मकान व कारखाना और मलिक मियां की फर्म में छापा मारा। सियासी गलियारों में भले पंपी जैन के घर हुई छापामारी सुर्खियों में रही, लेकिन शहर के अंदर ज्यादा चर्चा मलिक मियां के यहां छापामारी की होती रही।

## बहुमत के बाद भी बैकुंठपुर नगरपालिका में अध्यक्ष नहीं बना सकी कांग्रेस, टाई में भाजपा प्रत्याशी को मिली जीत




छत्तीसगढ़ के कोरिया जिले के सियासी उलटफेर देखने को मिला। बैकुंठपुर नगर पालिका में बहुमत के बाद भी कांग्रेस अपना नगर पालिका अध्यक्ष नहीं बना सकी है। शनिवार को अध्यक्ष पद के लिए हुए निर्वाचन में एक कांग्रेस पार्षद द्वारा क्रॉस वोटिंग किए जाने से अध्यक्ष पद के लिए कांग्रेस व भाजपा अध्यक्ष उम्मीदवारों के मत समान हो गए और मुकाबला टाई हो गया। इस कारण फैसला पर्ची निकालकर किया गया। इस पर बीजेपी की नविता शिवहरे को जीत मिली और कांग्रेस के साधना जायसवाल को को हार का सामना करना पड़ा। चुनाव परिणाम आने के बाद भड़के कांग्रेसियों ने जमकर नारेबाजी की। कांग्रेस जिलाध्यक्ष नजीर अजहर के खिलाफ भी नारे लगाए। वहीं सियासी गलियारों में इस राजनीतिक उलटफेर की चर्चा हो रही है। बता दें कि 23 नवंबर को कोरिया जिले के बैकुंठपुर नगर पालिका के परिणाम घोषित किए गए थे। चुनाव में कांग्रेस को 11, बीजेपी को 7 और 2 अन्य उम्मीदवार जीते थे। चुनाव परिणामों के बाद यह तय था कि कांग्रेस अपना नगर पालिका अध्यक्ष बनाएगी, लेकिन शनिवार को हुए अध्यक्ष चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी की हार हो गई। भाजपा ने अध्यक्ष पद के लिए नविता शिवहरे को मैदान में उतारा था। कांग्रेस से वार्ड नंबर-44 से चुनाव जीतने वाली मुर्शरत जहां अध्यक्ष पद के लिए दावेदारी कर रही थी, लेकिन कांग्रेस ने साधना जायसवाल को मैदान में उतार दिया। इससे नाराज मुर्शरत जहां ने आखिर समय में बगावत करते हुए क्रॉस वोटिंग की। इससे कांग्रेस के पक्ष में सिर्फ 10 वोट ही पड़े।

## जाते-जाते कई परिवारों को जिंदगीभर का दर्द दे गया साल 2021, दो सड़क हादसों में पांच लोगों की मौत



छत्तीसगढ़ में साल 2021 जाते-जाते कई परिवारों को जिंदगीभर का दर्द दे गया। शुक्रवार-शनिवार की मध्य रात दो अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में पांच लोगों की मौत हो गई। पहली घटना जांजगीर-चांपा जिले की है, जहां खड़ी ट्रक से बाइक सवार टकरा गए, जिससे तीन युवकों की मौत गई। वहीं दूसरी घटना कवर्धा जिले की है। ट्रक ने बाइक सवार तीन लोगों को रौंद दिया, जिसमें दो की मौके पर मौत हो गई, वहीं एक गंभीर रूप से घायल है। घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दोनों मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। जांजगीर पुलिस थाना से मिली जानकारी के अनुसार नेशनल हाईवे-49 के थ्ब् गोदाम के पास खड़ी ट्रक से रात में बाइक सवार टकरा गए। हादसा जांजगीर थाना क्षेत्र में बनारी गांव के पास हुआ है। बाइक सवार तीनों युवक जांजगीर से बिलासपुर की ओर जा रहे थे। बाइक की स्पीड अधिक थी, जिसकी वजह से यह गंभीर हादसा हुआ है। आसपास के लोगों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। युवकों की शिनाख्त तरूण पटेल (17 वर्ष) ग्राम पलारी खुर्द, थाना-बराद्वार, परमेश्वर पटेल (16 वर्ष) परसापाली, दीपक पटेल (20 वर्ष) परसापाली, थाना-सारागांव के रूप में की गई है।

WWW.KNLSLIVE.COM

### कवर्धा में ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, दो की मौत

छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में भी एक हृदय विदारक घटना हुई है। शुक्रवार की रात ट्रक ने बाइक सवार 3 लोगों को रौंद दिया है, जिसमें 2 लोगों की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। इस हादसे में एक की हालत गंभीर है। मृतकों की पहचान अभी नहीं हो पाई है। मिली जानकारी के मुताबिक शहर से गुजरे नेशनल हाईवे रायपुर-जबलपुर मार्ग के कवर्धा स्थित शराब भट्ठी के पास यह हादसा हुआ है। गंभीर रूप से घायल को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए

9027776991

knlslive@gmail.com

# अखिलेश के फ्री बिजली वाले बयान पर सीएम योगी का तंज, बोले-मुफ्त तो छोड़ो पहले बिजली तो देते



यूपी चुनाव से पहले योजनाओं की सौगात देने रामपुर पहुंचे सीएम योगी ने विपक्ष पर जमकर निशाना साधा। सीएम योगी ने अखिलेश यादव पर निशाना साधते हुए कहा, मैं बबुआ को यह कहते हुए सुना कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आई तो वे मुफ्त बिजली देंगे। जब वे सत्ता में थे तो उन्हें पहले बिजली देनी चाहिए थी, मुफ्त देने की तो बात ही नहीं। सीएम योगी ने भाजपा सरकार की उपलब्धियां गिनाते हुए कहा, कि 2017 के बाद से यूपी में कानून का राज हो गया है। गुंडे-माफिया प्रदेश छोड़कर भाग गए हैं। उन्होंने आगे कहा, अगर किसी ने किसी व्यापारी, गरीब या सरकार की जमीन पर अवैध कब्जा किया है तो यूपी सरकार ने उसके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की है। माफियाओं को चेतावनी देते हुए योगी ने कहा, अगर किसी ने भी फिर से ऐसा किया है तो जमीन उसके मूल मालिक को वापस कर दी जाए। नहीं तो सरकार बुलडोजर चलाने में भी कतई नहीं हिचकेगी। इससे पहले भी सरकार ने कई माफियाओं के घर पर बुलडोजर चलवाया है। आपको बता दें कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने लखनऊ में आयोजित एक कार्यक्रम में लोगों को फ्री बिजली का प्रलोभन दिया था। उन्होंने कहा था कि, यूपी में अगर समाजवादी पार्टी की सरकार बनी तो 300 यूनिट घरेलू बिजली मुफ्त दी जाएगी। इसके साथ में किसानों की पूरी सिंचाई भी मुफ्त होगी।

### सीएम योगी ने रामपुर को 95.56 करोड़ की दी सौगात

शनिवार को रामपुर पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 95.56 करोड़ की सौगात दी। फिजिकल कॉलेज के मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करने से पहले उन्होंने करीब 5.99 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण किया। इसके अलावा 89.57 करोड़ की परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए सीएम योगी ने यूपी सरकार की तमाम उपब्धियां भी गिनाई साथ ही आगामी योजनाओं के बारे में भी जनता से जुड़ने की अपील की।

### इन परियोजनाओं का हुआ लोकार्पण

सैदनगर में राजकीय इंटरकालेज मानकपुर बंजरिया मे कंप्यूटर लैब,सैदनगर के कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में कंप्यूटर लैब,चकिया हयातनगर में चकिया संपर्क मार्ग समेत अन्य दस निर्माण कार्य।

### इनका किया शिलान्यास

रामपुर नगर पालिका क्षेत्र में सालिड वेस्ट मैनेजमेंट प्लांट, रठौंडा मंदिर के सुंदीरकरण का शिलान्यास,पटवाई मिलक मार्ग का चौडीकरण, राजकीय इंटर कालेज कल्याणपुर, इनायतपुर, बिचपुरी, मधुपुरी का शिलान्यास किया।


# सामुदायिक शौचालय व स्नानघर बनने से ग्रामीणों को मिली काफी राहत



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्तीःजिले के ब्लॉक जमुनहा के ग्राम पंचायत जमुनहा भवनियापुर में स्वच्छता अभियान के तहत बने सामुदायिक शौचालय व स्नान घर से ग्रामीणों को काफी राहत मिली है। आपको बतादे कि स्वच्छता अभियान के तहत उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय का निर्माण कराया गया है जिससे बाहर से आने वाले ब्यक्तियों को भी सुविधा मिल सके वही सरकार द्वारा सभी सामुदायिक शौचालय पर सफाई व्यवस्था का ध्यान रखने के लिए एक केयरटेकर को नियुक्त कर शौचालय का साफ सफाई का भी ध्यान रखा जा रहा है इसी के अंतर्गत जमुनहा भवनियापुर में बने शौचालय पर केयरटेकर सीमा गुप्ता पत्नी बाबू गुप्ता द्वारा डेली सुबह ग्राम साफ सफाई का कार्य करके शौचालय को स्वच्छ रख्खा जाता है जिसको लेकर ग्राम पंचायत की जनता ग्राम प्रधान के द्वारा करवाये गए इस कार्य की प्रसंशा की जा रही है

# तहसील दिवस में पीड़ित ने प्रार्थना पत्र देकर लगाई न्याय की गुहार



प्रेमचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूं सच

श्रावस्ती- विकासखंड जमुनहा के अंतर्गत जमुनहा ग्राम पंचायत मां अजली गौशाला के नाम से संचालित है जिसके अध्यक्ष मनीष कुमार सोनी पुत्र राम कुमार सोनी ने तहसील दिवस में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि गौशाला से गाय किसी कारण बस बाहर निकल गई और बगल में रामसमुझ वर्मा का खेत पढ़ रहा था खेत में जाने के कारण रामसमुझ वर्मा ने गाय को जबरन बाद लिया और गौशाला को वापस नहीं किया मनीष कुमार सोनी गौशाला में गाय वापस करने के लिए रामसमुझ वर्मा पुत्र सोखा निवासी मंदकौरा से कहा तो उन्होंने गाय वापस करने से मना कर दिया और इस बात को लेकर फौजदारी के लिए तैयार हो गए इस संबंध में प्रार्थी ने तहसील दिवस जमुनहा में प्रार्थना पत्र देकर गाय वापस दिलाए जाने की गुहार लगाई है जबकि काफी दिनों से गौशाला की गाय राम समुझ वर्मा अपने घर बांधे हुए हैं इस संबंध में थाना माल्हीपुर में तहरीर देकर भी कार्रवाई की मांग किया गया लेकिन आप तक उस पर कोई कार्यवाही पुलिस द्वारा अभी तक नहीं की गई है जबकि योगी सरकार द्वारा गौ माता व गौशाला पर विशेष ध्यान दिया जाता है तब भी दबंग गौशाला को प्रताड़ित करने की नियत से कदम उठा रहे हैं जिससे मनीष सोनी कई बार अधिकारियों के कार्यालय का चक्कर लगा चुका है लेकिन उसकी गाय अभी तक गौशाला को वापस नहीं की गई

# जांच में खुलासा : प्रबंधक ने कॉलेज की 100 बीघे जमीन बेच डाली, दर्ज होगा केस




कॉलेज को दान की गई 100 बीघे जमीन बिक्री करने के मामले में जांच टीम ने प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज करने का आदेश दिया है। जांच में कूटरचित दस्तावेजों के सहारे जमीन की बिक्री का खुलासा हुआ है। डीआइओएस ने एसपी को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज कराने की बात कही है। नानपारा तहसील के नवाबगंज में जवाहर लाल राष्ट्रीय इंटर कॉलेज संचालित है। इंटर कॉलेज के नाम ग्रामीणों ने जमीन दान की थी। मोतीपुर तहसील के लालपुर चंदाझार गांव में विद्यालय के नाम 100 बीघा जमीन दर्ज थी। इस जमीन को विद्यालय के प्रबंधक मिथिलेश सिंह ने कूटरचित दस्तावेजों के सहारे तीन वर्ष पूर्व बेच दिया था। इसकी शिकायत रूपईडीहा थाना क्षेत्र के नई बस्ती निवासी कन्हैया वर्मा ने डीआईओएस से की, लेकिन तत्कालीन डीआईओएस राजेंद्र कुमार पांडेय ने कार्रवाई नहीं की। हालांकि जांच शुरू होने पर इंटर कॉलेज के प्रबंधक ने प्रबंध समिति की बैठक कर प्रधानाचार्य जगदीश प्रसाद वर्मा को पद से हटा दिया। इसके बाद मामला तूल पकड़ लिया। जमीन बिक्री की जांच शिक्षा निदेशक प्रयागराज को सौंपी गई। जांच में जमीन बिक्री का फर्जीवाड़ा सामने आने पर जांच अधिकारी ने डीआईओएस को तत्काल प्रबंधक पर मुकदमा दर्ज कराने के आदेश दिए हैं। डीआईओएस ने पुलिस अधीक्षक सुजाता सिंह को पत्र भेजकर मुकदमा दर्ज करने की मांग की है। डीआईओएस चंद्रपाल ने बताया कि गलत तरीके से कॉलेज की जमीन बिक्री की गई है। जांच में तथ्य सामने आया है। शिक्षा निदेशक के आदेश पर एसपी को पत्र भेजा गया है।

www.knlslive.com

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

## ......पेज न. 1 का शेष BJP की रैलियों को लेकर बोलीं मायावती, पानी की तरह बहाया जा रहा जनता का पैसा



मायावती ने चुनावी तैयारियों को लेकर बसपा की अन्य दलों से अलग विशिष्ट कार्यशैली पर किये जा रहे कटाक्ष पर कहा, हलचुनाव की तैयारी को लेकर हमारी पार्टी की अलग कार्यशैली और तौर तरीके हैं जिसे हम बदलना नहीं चाहते हैं। हमारी पार्टी की कार्यशैली के लिये दूसरी पार्टियों को चिंता नहीं करनी चाहिये, हमें खुद अपनी पार्टी की चिंता है। उल्लेखनीय है कि यूपी में विधानसभा चुनाव की सरगर्मी तेज होने के साथ ही भाजपा, सपा और कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की सक्रियता के बीच मायावती का प्रचार अभियान अभी तक शुरू नहीं होना सियासी गलियारों में चर्चा का विषय बना हुआ है। मायावती ने अपने संदेश में कहा कि लोकतंत्र में जनता के पास एक व्यक्ति एक वोट का अचूक हथियार है जिसके इस्तेमाल से लोग जनविरोधी सरकार को उचित सजा दे सकते हैं। उन्होंने यूपी, उत्तराखंड और पंजाब सहित पांच राज्यों में होने विधानसभा चुनाव में लोगों से पूरी चेतना और जागृति के साथ वोट देकर बुरे दिन से मुक्ति पाकर अच्छे दिन की तरफ बढ़ने की अपील की है। मायावती ने कहा कि नये साल में 2022 की सही आकांक्षा और संदेश भी यही है।

## काशी विश्वनाथ मंदिर में टूट जाएंगे सारे कीर्तिमान, साल के पहले दिन दर्शनार्थियों की अपार भीड़



साल के पहले दिन काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन पूजन करने वालों की अपार भीड़ से अब तक के सारे कीर्तिमान टूटने की स्थिति बन गई है। ऐसा लगने लगा है कि आज शयन आरती के समय मंदिर बंद होने तक दर्शनार्थियों के अब तक के सारे कीर्तिमान ध्वस्त हो जाएंगे। शनिवार को जहां मंगला आरती में 1000 से अधिक लोगों ने हिस्सेदारी की वहीं मंगला आरती के बाद दर्शन करने वालों का तांता लगा हुआ है। विश्वनाथ मंदिर मुख्य परिसर के अंदर से ज्ञानवापी, बांस फाटक से लेकर गोदौलिया तक सिर्फ लोगों की कतार ही नजर आ रही है। विश्वनाथ मंदिर प्रशासन की मानें तो सुबह 10:30 बजे तक ही सवा लाख से अधिक लोग दर्शन पूजन कर चुके थे। मंदिर में दर्शन करने वालों की कतार लगातार बढ़ती जा रही है। यह स्थिति तब है जब भक्तों को झांकी दर्शन करा के जल्दी से जल्दी मंदिर से बाहर निकाला जा रहा है। वही वैष्णो देवी में हुई भगदड़ की घटना को ध्यान में रखते हुए पुलिस ने चौकसी बढ़ा दी है। सुरक्षा के इंतजाम और कड़े कर दिए गए हैं। भीड़ में इस तरह की कोई घटना न हो इस पर निगरानी रखने के लिए सादी वर्दी में भी पुलिस के जवानों को तैनात किया गया है।

### गोदौलिया मैदागिन मार्ग पर भीषण जाम

नए साल पर शनिवार को बाबा दरबार मे दर्शन पूजन करने वालों की उमड़ी भीड़ के कारण गोदौलिया मैदागिन मार्ग पर सुबह से भीषण जाम लगा हुआ है। वाहनों का आवागमन रोके जाने के बावजूद सुबह से उमड़ी भीड़ के कारण जाम लगा हुआ है। गोदौलिया से मैदागिन के बीच सबसे अधिक जाम चौक तक है। चौक से गोदौलिया तक पैदल आने में लोगों के पसीने छूट रहे हैं। मंदिर में जाने के लिए कतार लगी है तो दर्शन कर बाहर निकलने वालों की भीड़ भी है। इसी मर्ग से लोग पैदल घाट की ओर भी जा रहे हैं। बाजार भी खुला हुआ है। जाम छुड़ाने में जुटी पुलिस किसी तरह लोगों को बाहर निकाल रही है।

www.knlslive.com

## रामपुर में बोले सीएम योगी आदित्यनाथ, सपा सरकार में युवाओं को मिला धोखा, चाचा-भतीजा करते थे लूट



मुरादाबाद- भाजपा की जन विश्वास यात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश के 16 जिलों में घूमने के बाद रामपुर के रठौंडा में पहुंची। इस दौरान सीएम योगी आदित्यनाथ ने 95 करोड़ की 25 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। इसके बाद सीएम का स्वागत किया गया। सीएम ने जनसभा में भारत माता की जय के साथ संबोधन शुरू किया। उन्होंने कहा कि जनविश्वास यात्रा को जन समर्थन मिल रहा है, सरकार ने बिना डरे और बिना झुके काम किया। फर्क साफ है, 2017 से पहले दंगाइयों को सम्मान मिलता था, अब किसानों को मुख्यमंत्री आवास में सम्मान मिलता है। मुख्यमंत्री आवास में अब गुरू वाणी का पाठ होता है। रामपुरी चाकू का उपयोग कैसे करना है हमें पता है, यह गलत हाथों में होगा तो दुरूपयोग होगा। यह गरीबों की जमीनों पर कब्जा करने का माध्यम बन गया था। अपराध व अपराधियों को खत्म करने के लिए जीरो टॉलरेंस नीति अपनाई, गरीबों की संपत्ति हड़पने वालों से कब्जा वापस लिया, उनके अवैध कब्जों पर बुलडोजर चलवा दिया। सीएम ने अखिलेश यादव पर निशाना साधा। कहा कि बबुआ कह रहे थे कि सरकार आने पर बिजली फ्री देंगे, लेकिन जब सरकार थी तो बिजली नहीं दी। हमने बिजली दी, शौचालय भी बनवाए। जनता की कमाई लूटकर दीवारों में दबाए हुए थे, वह पैसा हमने निकाला। सपा सरकार में नौजवानों को धोखा मिला, नौकरी नहीं मिली। भर्ती निकलती थी तो चाचा भतीजा लूट मचा देते थे। सीएम ने कहा कि हमने साढ़े चार लाख नौकरी दी। पहले दंगा होता था, हमने दंगा करने वालों को साफ कह दिया कि दंगा किया तो सात पुश्तों तक भुगतना पड़ेगा। सीएम ने कहा कि करतारपुर कॉरिडोर भाजपा ने खुलवाया। पाकिस्तान इसमें अड़ंगा लगा रहा था, 86 लाख किसानों का 36 करोड़ का कर्ज माफ किया, किसानों को किसान सम्मान निधि दिलाई। 370 कांग्रेस में समाप्त क्यों नहीं हुई, यह काम नरेन्द्र मोदी सरकार ने किया। बबुआ बोल रहे थे कि उनकी सरकार होती तो वह भी राम मंदिर बनाते, लेकिन उन्हें तो कब्रिस्तान की बाउंड्री बनाने से फुर्सत नहीं थी। राम भक्तों पर गोली चलवाने वाले राम मंदिर बनवाने की बात कर रहे हैं। डबल इंजन की सरकार गरीबों को राशन भी डबल दे रही है। सीएम ने कोरोना से बचाव के लिए जनता से वैक्सीन लगवाने की अपील की।

## यूपी के किसान धरमचंद ने पीएम नरेंद्र मोदी से चार मिनट की बात



लखनऊ- पीएम सर, मैं केले की खेती करता हूं और नवनी केला ब्रांड के नाम से बेचता हूं। मेरे केले में कोई दाग नहीं होता। मैं आपको केला खिलाना चाहता हूं। एक बार आप मुझे जरूर बुलाइए। मुस्कुराते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा जरूर मौका मिलेगा तो तुम्हारे केले का स्वाद जरूर लूं। इससे पहले पीएम ने धरमचंद का नाम पूछा और कहा कि पहले ये बताओ कि तुमने एफपीओ कैसे बनाई। धरमचंद ने बताया कि कृषि विभाग के अधिकारियों ने मुझे जानकारी दी और 2015 में किसान प्रोड्यूसर कंपनी बनाकर 1034 किसानों को जोड़ा। नवीन किसान प्रोड्यूसर कंपनी के नाम से पंजीयन कराया और किसानों के सहयोग से 3.19 लाख रूपये एकत्र किए। एसएफएसी (स्माल फारमर्स एग्रीकल्चर कंसोरियम) ने मेरी कंपनी की मदद की और 2.19 लाख रूपये और दिए। 5.38 लाख रूपये से किसानों ने केला, आम, आलू व सब्जियों को बोना शुरू कर दिया। वर्ष 2020-21 में मेरी कंपनी का टर्नओवर 35.32 लाख रूपये पहुंच गया है। पीएम ने पूछा खेती के अलावा भी कुछ और करते हो? धरमचंद ने मुस्कुराते हुए कहा कि सर मेरे पास खाद, बीज और कीटनाशक बेचने का लाइसेंस भी है। उससे भी आमदनी हो जाती है। पीएम ने पूछ ई-नाम पोर्टल से जुड़ने से क्या फायदा हुआ? धरमचंद ने बताया कि इससे जुड़ने से हमने किसानों की सब्जियां केला, आम जैसे उत्पादों को एकत्र किया और अंतरराष्ट्रीय मंडी के रेट में बेचना शुरू कर दिया। इससे 10 से 15 फीसद का अतिरिक्त लाभ हुआ। लाभ को कंपनी के किसानों के बीच उनकी फसल के अनुरूप बांटा गया। इससे किसानों को फसल का अच्छा मूल्य मिल जाता है। धरमचंद को भले ही चौथे नंबर पर बात करने का मौका मिला हो, लेकिन दो मिनट के बजाय प्रधानमंत्री धरमचंद से चार मिनट तक बात की और नए साल की शुभकामनाएं दीं। लखनऊ के किसानों के चेहरे पर खुशी देख मैं बहुत प्रसन्न हूं रू धरमचंद के साथ ही उनकी कंपनी के 40 और किसान भी उनके साथ बैठे थे। सभी ने पीएम का अभिवादन किया तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि लखनऊ के किसानों के चेहरे पर खुशी देख मैं बहुत प्रसन्न हूं। उप कृषि निदेशक डा.सीपी श्रीवास्तव ने बताया कि सुबह 10 बजे किसान कलेक्ट्रेट के एनआइसी कक्ष में आए गए थे। 12:30 बजे से दो बजे तक पीएम के संवाद के साथ ही देशभर के 10 किसानों से बातचीत हुई। किसानों के साथ ही केंद्रीय कृषि मंत्रालय के संयुक्त सचिव राजबीर सिंह, जिलाधिकारी अभिषेक प्रकाश, मुख्य विकास अधिकारी अश्विनी कुमार , कृषि निदेशक विवेक कुमार और जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा के अलावा कई अधिकारी मौजूद थे।